तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 मई 2026



11 योजनाएं दफ्तरों की फाइलों से निकलकर...



12 धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात,भजनों...



## खबर संक्षेप

### 2 लाख रुपए प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** दुर्घटना में मृतक के परिजन को हुए अपहानि को दृष्टिगत रखते हुए दावा निपटान आयुक्त एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा दो लाख रुपए की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें टक्कर मारकर भागने मोटरयान सड़क दुर्घटना में बसना विकासखण्ड अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर बसना निवासी महेश नायक की मृत्यु हो गई थी। अपहानि के कारण मृतक के विधिक प्रतिनिधि के रूप में उनकी पत्नी पद्मा नायक को दो लाख रुपये की प्रतिकर सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा 26 को

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) अंतर्गत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन रविवार 26 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग नवा रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित होगी। योजना संबंधी विस्तृत जानकारी आदिवासी विकास विभाग की वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी।

### मोटर सायकल पार

**कोमाखान।** बस स्टैंड स्थित होटल संचालक परसराम ढीमर की मोटर सायकल चोरी हो गई। जिसकी रिपोर्ट स्थानीय थाने में दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट में परसराम ने बताया कि नीले रंग की बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडब्ल्यू 7880 है। उसने अपनी बाइक अपनी होटल के सामने सड़क के उक्त किनारे रखी थी। जिसे किसी अज्ञात ने पार कर दी। पता साजी के बाद भी नही मिलने पर उसके द्वारा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### भीषण गर्मी में बाजारों से ककड़ी गायब कम पैदावार से आम उपभोक्ता परेशान

**महासमुंद।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आम जनता को राहत देने वाली ककड़ी अब बाजारों से लगभग गायब हो चुकी है। मौसम की मार और इस वर्ष उत्पादन में आई भारी कमी के कारण ककड़ी की आवक में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। इसका सीधा असर स्थानीय बाजारों और आम उपभोक्ताओं की जेब पर दिखाई दे रहा है। गर्मी के मौसम में सबसे अधिक मांग वाली ककड़ी अब आम आदमी की पहुंच से बाहर होती जा रही है। जिले के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों जैसे महासमुंद शहर, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली सहित ग्रामीण इलाकों के बाजारों में ककड़ी की भारी कमी देखी जा रही है। बाजारों में मांग तो बनी हुई है, लेकिन आपूर्ति बेहद सीमित होने के कारण दुकानों और ठेलों से ककड़ी पूरी तरह नदारद हो गई है।

# ईंधन संकट के बीच ओने-पौने दाम पर धान खरीदने में जुटे कोचिए, मंडी व्यवस्था फेल

## मंडी में सन्नाटा, सूखत और कम तौल के नाम पर भी अन्नदाता का शोषण, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में इन दिनों किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक ओर पेट्रोल-डीजल संकट के कारण धान कटाई और परिवहन प्रभावित है वहीं दूसरी ओर धान की उपज को उचित मूल्य नहीं मिलने से किसान मजबूरी में अपनी फसल गांव-गांव घूम रहे कोचियों को बेचने पर विवश हैं। इसका सीधा फायदा मिलर और उनके द्वारा तैनात दलाल उठा रहे हैं। स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नजदीकी कृषि उपज मंडी में सोमवार को महज 8 हजार कट्टा धान की खरीदी दर्ज हुई, जबकि दूसरी ओर गांवों में हर दिन हजारों कट्टा धान की खरीदी कोचिए कर रहे हैं। मंडी की बजाय गांवों में ही धान की बड़ी मात्रा में खरीदी होने से मंडी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार अंचल के लगभग हर गांव में 8 से 10 कोचिए सक्रिय हैं जो किसानों के घर-घर पहुंचकर धान खरीद रहे हैं। ये दलाल मंडी में धान के कम भाव का हवाला देकर किसानों को 1600 से 1700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान बेचने के लिए तैयार कर लेते हैं। सोमवार को कृषि उपज मंडी में रबी सीजन के धान की कीमतें भी किसानों को निराश करने वाली रहीं। मोटा धान का न्यूनतम भाव 1600 रुपये और अधिकतम 1750 रुपये, ओम श्री किस्म का 2314 से 2420 रुपये जबकि आरबी किस्म का 1920 से 2020 रुपये प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। वहीं 1008 और 1010 किस्म के धान 1652 से 1824 ▶▶|शेष पेज 10 पर



### मंडी शुल्क की भारी चोरी, मूकदर्शक बना विभाग

आरोप है कि कोचिए सिर्फ कम कीमत पर धान नहीं खरीद रहे, बल्कि सूखत के नाम पर प्रति बोरी 900 ग्राम तक अतिरिक्त धान भी ले रहे हैं। इसके अलावा उनके तराजू में भी गड़बड़ी की शिकायत है, जहां हर तौल में करीब 500 ग्राम तक कम तौल कर किसानों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही इस बड़े पैमाने की खरीदी से शासन को मिलने वाले मंडी शुल्क की भी चोरी हो रही है। किसानों का आरोप है कि मंडी विभाग को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। कुल मिलाकर गांवों में सक्रिय कोचियों के कारण किसान अपनी मेहनत की फसल का सही मूल्य पाने से वंचित हैं, जबकि मंडी व्यवस्था मूकदर्शक बनी हुई है। किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर गांवों में हो रही अवैध खरीदी पर रोक लगाने और उन्हें उचित मूल्य दिलाने की मांग की है।

## खुलासा : जलस्रोत में मिलाया था जहर; वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो और डीआरआई की ली जाएगी मदद

# भतीजे ने ली थी बाघ की सुपारी, ओडिशा के शिकारियों के निशाने पर था वन अमला भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में हाल ही में हुए बाघ के शिकार मामले की उच्च स्तरीय जांच में एक बेहद चौंकाने वाला और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। जांच के अनुसार, फरार आरोपी हिंगुल बाछा ने बाघ की खाल का सुपारी लिया था। इस पूरे अंतरराज्यीय रैकेट के तार ओडिशा के बरगढ़ जिले के खरीदारों से जुड़े होने की पुष्टि हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अब केंद्रीय जांच एजेंसियों वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो और डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की मदद ली जा रही है। इस मामले में 7 आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं, जबकि मुख्य साजिशकर्ता चाचा-भतीजे को हिरासत में लेकर पूछताछ की तैयारी तेज कर दी गई है। फरार आरोपी हिंगुल बाछा (ग्राम कुसुमखूंटा) की गोपनीय सूचना देने या पकड़वाने वाले को उपनिदेशक द्वारा 10,000 रुपये का नगद इनाम देने की घोषणा की गई है।

- फरार हिंगुल बाछा पर 10 हजार का इनाम घोषित

**सिर्फ बाघ नहीं, वन रक्षक और पेट्रोलिंग स्टाफ की जान लेने की भी थी साजिश-** जांच में जो सबसे खतरनाक तथ्य सामने आया है, उसके मुताबिक ओडिशा के शिकारियों द्वारा बीहड़ पहाड़ी क्षेत्र में स्थित जिस प्राकृतिक जलस्रोत (झिरिया) में घातक रासायनिक जहर मिलाया गया था, उसका उद्देश्य केवल बाघ या अन्य वन्यजीवों को मारना नहीं था। शिकारियों को इस बात की पूरी जानकारी थी कि इसी झिरिया के पानी का उपयोग वन रक्षक और पेट्रोलिंग श्रमिक भी गर्मियों में अपनी प्यास बुझाने के लिए करते हैं। ऐसे में वन अमले को रास्ते से हटाने के लिए जलस्रोत को जानबूझकर पूरी तरह विषाक्त किया गया था। पुलिस की फॉरेंसिक टीम ने मौके से जहर को पहले ही जब्त कर लिया है।

**इन गंभीर धाराओं के तहत दर्ज होगी FIR-** वन विभाग ने इस कृत्य को वन्यजीवों, पर्यावरण और जनसुरक्षा के विरुद्ध देश का अत्यंत गंभीर संगठित अपराध माना ▶▶|शेष पेज 10 पर



### आमने-सामने की पूछताछ में खुली पोल, वीडियो आया सामने

विभाग द्वारा की गई कड़ाई से पूछताछ के दौरान एक सनसनीखेज वीडियो सामने आया है। इसमें मुख्य आरोपी रमन हेरना ने सुपारी लेने वाले आरोपी जालंधर बागरती को उसके परिजनों के सामने सीधे तौर पर पहचान लिया और इस पूरी साजिश में जालंधर के भतीजे हिंगुल बाछा के शामिल होने का भी नाम लिया। हालांकि, खुद को कार्रवाई से बचाने के लिए आरोपी जालंधर बागरती पूछताछ में अपने सगे भतीजे से पल्ला झाड़ता नजर आया। वन विभाग को आशंका है कि इस बड़ी साजिश में गांव के कुछ अन्य सफेदपोश और ग्रामीण भी शामिल हो सकते हैं, जिन पर दल-बल के साथ जल्द ही बड़ी कार्रवाई की जाएगी।



बाघ का शिकार करने पहुंचे ओडिशा के 7 युवक गिरफ्तार

### वन्यजीव अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति : वरुण जैन

मामले की गंभीरता को रेखांकित करते हुए उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने कहा कि, इस अमानवीय कृत्य से न केवल बाघ, तेंदुआ, भालू, गौर और हिरण जैसे दुर्लभ वन्यजीवों को खतरा था, बल्कि आसपास के ग्रामीणों, पशुधन और वन अमले की जान भी जा सकती थी। वैज्ञानिक जांच और गुप्त सूचना तंत्र के जरिए पूरे सिंडिकेट को नेस्तनाबूद किया जा रहा है। अभ्यारण्य में बाघों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और शिकारियों के खिलाफ 'शून्य सहनशीलता' की नीति के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम कनसिघी में समाधान शिविर आज

**रसेला।** सुशासन तिहार 2026 का जन जन तक पहुंच रही है,यह तिहार विश्वास और विकास का महाअभियान बन कर आयोजित हो रहा है। 19 मई को ग्राम कनसिघी में समाधान शिविर में भूमि संबंधी विवाद (नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन) मनरेगा भुगतान, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, बिजली और पानी से जुड़ी समस्याएं, हैंडपंप सुधार, राशन कार्ड, उज्जवल योजना, आयुष्मान भारत और सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान किया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस शिविर में हर आवेदन का निराकरण अधिकतम एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा। इसी कड़ी में जिस अभियान को शासन और जनता के बीच भरोसे की मजबूत कड़ी माना जा रहा था, वहीं अब कई स्थानों पर नेताओं और अधिकारियों के बीच आरोप प्रत्यारोप और सार्वजनिक बयानबाजी का मंच बनता दिखाई दे रहा है। जिले भर में शिविर आयोजित कर लोगों से आवेदन लिए जा रहे हैं, मंच सज रहे हैं, अधिकारी पहुंच रहे हैं और योजनाओं का प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है, लेकिन ग्रामीणों का वास्तविक समस्याओं का समाधान अब भी नहीं हो पा रहा है। राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, भूमि पट्टा, सीमांकन, सड़क, पेयजल, बिजली, पेंशन और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याओं को लेकर लोग महीनों से कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यहां शिविर केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। शिविरों में समस्याएं सुनी जा रही है, लेकिन समाधान धरातल पर नजर नहीं आ रहा है।

## कोपरा-पोखरा मार्ग के निर्माण से गांवों का संपर्क और अधिक मजबूत होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

राजिम विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए कोपरा-पोखरा मार्ग पर नवीन स्वीकृति प्राप्त सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी क्रम में विधायक रोहित साहू ने निर्माणाधीन सड़क का स्थल निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है, जिसके निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा आसपास के गांवों का संपर्क और अधिक मजबूत होगा। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रही है। कोपरा-पोखरा मार्ग बनने से किसानों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को विशेष लाभ मिलेगा। बरसात के दिनों में होने वाली आवागमन की परेशानी भी काफी हद तक दूर होगी। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर खुशी जताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि सड़क निर्माण से गांव के विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को बेहतर यातायात सुविधा प्राप्त होगी।

- विधायक ने कोपरा-पोखरा मार्ग का किया निरीक्षण



## नोसराम बने व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक

**फिंगेश्वर।** भाजपा मंडल फिंगेश्वर में टिंबर व्यवसायी नोसराम साहू को भाजपा जिला गरियाबंद के अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं ब्यापार प्रकोष्ट मंडल के जिला संयोजक के अनुशंसा से ब्यापार प्रकोष्ट मंडल फिंगे"वर का संयोजक बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं मे हर्श की लहर है। नोसराम साहू ने कहा की कि पार्टी के द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। भाजपा के जिलाअध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं ब्यापार प्रकोष्ट के जिला संयोजक का आभार व्यक्त करता हूं। नोसराम साहू को फिंगेश्वर मंडल का ब्यापार प्रकोष्ट मंडल के संयोजक बनाए जाने पर वरिष्ट भाजपा नेता भागवत हरित, अशोक राजपूत, रामूराम साहू, पूनम यदु, जगदीश यादव, भुवन साहू, दीपक श्रीवास, रोशन देवांगन, मिंजून साहू, अरूण सिन्हा, प्रेमलाल, कोमल ढीढी, दशरथ सिन्हा, ईश्वर साहू, कमलेश कश्यप, दीपक पोद्दार, पदमा यदु, शांति कोसरे, ज्योति राजपूत, सुकदेव साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल है।



## अपर कलेक्टर ने गवरमुड़ और बेसराझर क्षेत्र का किया दौरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के अपर कलेक्टर ऋशा ठाकुर एवं जनगणना जिला प्रभारी प्रशांत राव ने सोमवार को मैनपुर क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में बसे कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम गवरमुड़, बेसराझर क्षेत्र का दौरा कर जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान तहसीलदार मैनपुर सुशील कुमार भोई, प्रगणक सुकराम नागेश, रजनीश रामटेके सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मैनपुर में बुनियादी सुविधाओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# इंदागांव के ग्रामीण 21 को एनएच पर करेंगे जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर मुख्यालय से 40 किमी दूर नेशनल हाइवे के ऊपर बसे ग्राम पंचायत इंदागांव के ग्रामीणों ने मूलभूत बुनियादी सुविधाओ की मांग को लेकर नेशनल हाइवे 130 सी मुख्य मार्ग मे 21 मई को चक्काजाम करने की चेतावनी दिया है और सोमवार को इंदागांव के सरपंच गुरूवारी बाई ध्रुव, उपसरपंच कांती बस्तिया के नेतृत्व मे ग्रामीण मैनपुर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा है और अपनी मांगो को लेकर चक्काजाम करने की बात कही है। इस दौरान एसडीएम हितेश्वरी बाघे ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनके मांगों को उच्च अफसरों तक पहुंचाकर समस्या का समाधान किया जायेगा। ग्राम पंचायत के सरपंच गुरूवारी बाई ध्रुव, उपसरपंच कांती बस्तिया, पंच नरसिंग ध्रुव, लोखुराम बस्तिया, केसरी ध्रुव, रूपेश मसीह, रमेश प्रधान, नन्हेसिंह यादव, राजकुमार क"यप, विपिन यादव एवं ग्रामीणो ने बताया आजादी के 79 वर्षों बाद भी हम लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ▶▶|शेष पेज 10 पर



### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की मांग वर्षों पुरानी

इंदागांव में कहने को तो उपस्वास्थ्य केन्द्र खोला गया है लेकिन सुविधाओं की कमी के चलते इस क्षेत्र के लगभग 50 से 60 ग्रामों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का जो लाभ मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण मजबुरन ओड़िशा और रायपुर धमतरी इलाज कराने जाने मजबुर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इंदागांव में 20 बिस्तर वाले सर्व सुविधायुक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र साथ ही एंबुलेंस सुविधा की मांग किया है एवं राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा खोलन के अलावा प्री मैट्रिक कन्या छात्रवास और श्यामा तालाब गहरीकरण की मांग किया है।





## खबर संक्षेप

### कुत्ता घुमाने निकली महिला, घर में हुई चोरी

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ घर की आलमारी से नकदी 10 हजार रुपए तथा दो मोबाइल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वल्लभ नगर निवासी अलका कटियार ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह वह अपने मकान पर ताला लगाकर कुत्ता घुमाने निकली थी। वापस आने पर महिला ने देखा तो महिला के मकान का एक दरवाजा खुला हुआ था। कमरे की ऊपरी मंजिल का एसी चालू था और आलमारी खुली हुई थी। जांच करने पर आलमारी से कैश तथा दो मोबाइल गायब मिले।

### चाकू लहराकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** पुलिस द्वारा बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आमानाका पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए एक बदमाश को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छठ तालाब के पास एक युवक हाथ में धारदार चाकू लहराकर आम जनता को डरा-धमका रहा है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची, जहां फैजल अहमद अंसारी को चाकू के साथ लोगों को धमकाते हुए धर-दबोचा।

### शराब पीकर वाहन चलाते धरे गए 63 नशेड़ी

**रायपुर।** शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक के साथ संबंधित थानों की पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में शनिवार रात ट्रैफिक एसीपी सतीश ठाकुर के नेतृत्व में शहर के 9 स्थान तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, भाठागांव, टाटीबंध, कालीबाड़ी, जयस्तंभ ,भनपुरी चौक एवं पंडरी थाना के सामने पर यातायात के अधिकारियों एवं जवानों की टीम बनाकर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते हुए कुल 63 वाहन चालकों में 41 कार, 10 मोटर साइकिल, 7 टाटा एस, 2 मेटाडोर, 3 ट्रक को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर उन्हें सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**समस्या : मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित पार्किंग से बढ़ी परेशानी, रोज लग रहा जाम**

# अटल चौक बना लोगों का अस्थाई पार्किंग स्थल, यातायात व्यवस्था हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

ग्राम के व्यस्ततम क्षेत्र अटल चौक पर

- रोजाना लगने वाले जाम से उनके कामकाज पर भी पड़ रहा असर





इन दिनों अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही है। चौक के चारों ओर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग के कारण आम लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई बार वाहन चालकों को लंबा जाम झेलना पड़ता है। दुकानदारों और राहगीरों में आक्रोश स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि चौक पर रोजाना लगने वाले जाम से उनके कामकाज पर भी असर पड़ रहा है। ज्यादातर शुक्रवार को बाजार के दिन लोगों का अत्याधिक भीड़ भाड़ रहता है। ग्राहकों का आना-जाना कम हो जाता है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं राहगीरों को भी पैदल निकलने में कठिनाई होती है। सुबह और शाम के समय, जब जब लोग काम पर जाते हैं और कार्यालय खुलते एवं बंद होते हैं, तब स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। इस दौरान चौक पर वाहनों की संख्या अधिक होने से जाम की समस्या चरम पर पहुंच जाती है, जिससे राहगीरों और कर्मचारियों को समय पर पहुंचने में परेशानी होती है।

### पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि नियमित रूप से पुलिस की ड्यूटी लगाई जाए विशेष रूप से शुक्रवार बाजार के दिन और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए, तो इस समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकती है। लोगों ने प्रशासन से अटल चौक पर नो-पार्किंग जोन घोषित करने, पुलिस की तैनाती बढ़ाने और उचित पार्किंग स्थल की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो समस्या और विकराल रूप ले सकती है। स्थानीय नागरिकों को उम्मीद है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही आवश्यक कदम उठाएगा, ताकि अटल चौक पर यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

### भीषण गर्मी के बीच जाम से बढ़ी लोगों की परेशानी

तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच अटल चौक पर लगने वाले जाम ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लंबे समय तक वाहनों में फंसे रहने से राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्म हवाओं और उमस के कारण लोगों की हालत खराब हो रही है, वहीं कई वाहन चालक चिड़चिड़े होकर आपसी विवाद में भी उलझ जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते यातायात व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो गर्मी के इस मौसम में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

## पेपर लीक होना युवा तरुणाई के सपनों के टूटने जैसा : कृष्णा



**महासमुंद।** नीट (एनईईटी) जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा में पेपर लीक और धांधली के मामलों ने देश के लाखों छात्रों के भविष्य को अधर में लटका दिया है। उपरोक्त बातें पूर्व कार्यकारी नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने जारी बयान में कही। चंद्राकर ने कहा कि वर्षों तक दिन-रात कड़ी मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों में इस प्रशासनिक विफलता को लेकर भारी आक्रोश है। इस पूरे मामले पर चिंता व्यक्त करते हुए कृष्णा ने कहा, पेपर लीक होना युवा तरुणाई के सपनों के टूटने जैसा है। देश के सीधे तौर पर उन लाखों छात्रों के दर्द को बयां करता है जो अपनी आंखों में डॉक्टर बनने का सपना लिए साल-दर-साल मेहनत करते हैं, लेकिन सिस्टम के भ्रष्टाचार के कारण एक पल में रेस से बाहर हो जाते हैं। यह स्पष्ट है कि समस्या केवल 'माध्यम' की नहीं, बल्कि परीक्षा प्रणाली में बैठे भ्रष्ट तत्वों की है। लाखों मेहनती और गरीब बच्चों के हक की रक्षा के लिए अब पूरी शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा का पेपर लिक होना गंभीर चिंता का विषय है। डबल इंजन वाली सरकार आज देश के अधिकांश राज्यों में हैं, जीन राज्यों से नीट का पेपर लिक हुआ हैं, उनको आगे आकर इसकी जवाबदारी स्वीकार करनी चाहिए। पेपर में हिस्सा लेने वाले लाखों छात्रों से आंखे मिलाकर अपनी विफलता स्वीकार करनी चाहिए। देश का भविष्य इस बात को समझ सके कि देश में कैसी सरकार चल रही हैं। जिससे एक महत्वपूर्ण परीक्षा का पेपर हिफाजत से नही रखा जाता, उनसे देश कैसे सुरक्षा में रहेगा। क्योकि, ये पेपर एक योग्य डाक्टर का निर्माण करने वाला पेपर था। इस प्रकार से पर्चा लिक होता रहा तो कैसे डाक्टर तैयार होंगे।

# विधायक ने की प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही के घर पहुंचकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुलाकात की। रविवार को अलग-अलग वार्ड में भेंट मुलाकात करने पहुंचे विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा वार्ड क्रमांक 09 निवासी बुंदा महानंद के घर पहुंचे। हितग्राही बुंदा महानंद ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे आवास योजना से उनका अपना खुद का पक्का आवास बनाने का सपना साकार हुआ है। पक्का आवास बनने से उन्हें काफी सुविधाएं हो रही है। बरसात के दिनों में होने वाली समस्याओं से भी छुटकारा मिल गया है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, महामंत्री अग्रज शर्मा, वरिष्ठ नेतागण रमेश साहू, संदीप घोष, अन्य नेतागण राजेंद्र चंद्राकर, हनीश बग्गा, दिनेश रूपरेला, हफीज कुरैशी, माधवी सिका, रामेश्वर पटवा, अभिषेक पांडे, रोमी दत्ता, गुड्डा सिन्हा, बादल मक्कड़ सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने अतिरिक्त मानव बल की मांग, सचिव को पालिका अध्यक्ष ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने नगर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव को पत्र प्रेषित कर अतिरिक्त मानव बल उपलब्ध कराने की मांग की है।

अध्यक्ष ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर की लगातार बढ़ती जनसंख्या, वार्डों के विस्तार तथा प्रतिदिन बढ़ रहे कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता कार्यों के कारण वर्तमान में कार्यरत सफाई कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ गया है। नगर के सभी वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने, नालियों की सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करने के लिए अतिरिक्त मानव बल की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उपलब्ध कर्मचारियों की संख्या से सभी क्षेत्रों में अपेक्षित स्तर पर सफाई व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। कई स्थानों पर अतिरिक्त श्रमिकों की आवश्यकता पड़ती है, जिससे कार्य प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है। नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। अध्यक्ष ने सचिव से मांग करते हुए कहा कि शासन स्तर से नगर पालिका महासमुंद को अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाए, ताकि नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके तथा शासन की स्वच्छता संबंधी योजनाओं एवं अभियानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि अतिरिक्त मानव बल उपलब्ध होने से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य में गति आएगी, वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था बेहतर होगी तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही बरसात के पूर्व नालियों की नियमित सफाई एवं विशेष स्वच्छता अभियान भी प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने विश्वास व्यक्त किया कि शासन द्वारा नगरहित एवं जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त मानव बल की मांग पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था और अधिक बेहतर हो सकेगी।

# वार्ड 29 में नपाध्यक्ष ने किया बोर खनन के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। नपाध्यक्ष कहते हैं कि ग्रीष्म काल में नगरवासियों को जल संकट जैसी स्थिति का सामना न करना पड़े, इसलिए हम लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में वार्डों में बोर खनन कार्य कराए जा रहे हैं। बोर खनन पश्चात टंकी स्थापित करने से संबंधित क्षेत्र के लोगों को पानी की आसान उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। जिससे लोगों को काफी हद तक राहत भी मिल रही है।

लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर कल 17 मई 2026 को वार्ड क्रमांक 29 में मलेरिया ऑफिस के पास अध्यक्ष निधि से बोर खनन के लिए पालिका अध्यक्ष साहू ने भूमिपूजन किया। इस दौरान वार्ड पार्षद शुभ्रा मनीष शर्मा व सभापति गणों तथा पार्षदों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर वार्डवासियों को नवीन बोर खनन की सौगात मिलने पर शुभकामनाएं दी। श्री साहू ने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना हमारी पहली प्राथमिकता है, बोर खनन होने से आसपास के रहवासियों को पानी की कमी नहीं होगी। इस अवसर पर सभापति गुलशन साहू, ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद गण नीरज चंद्राकर, माधुरी धनीराम यदु, राहुल आवड़े, धनेश्वरी सोनाधार सोनवानी, वार्डवासी केशव कन्नौजे, राहुल पटेल, अशोक चंद्राकर, वीणा साहू, सपना राजपूत, नीरा साहू आदि उपस्थित थे।



### रोड नाली निर्माण को लेकर विधायक से चर्चा

**महासमुंद।** तुमगांव रोड एकता चौक के व्यापारियों व नागरिकों ने विधायक राजू सिन्हा व नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी को आमंत्रित कर रोड नाली निर्माण को लेकर चर्चा की। एकता चौक से तुमगांव तक लगभग 2200 लाख रुपए की लागत से रोड नाली डिवाइडर सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। नागरिकों ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का धन्यावाद ज्ञापित किया कि यह वर्षों पुरानी मांग थी। सड़क चौड़ीकरण आवश्यक था। रोड़ चौड़ीकरण व नाली निमार्ण प्रारम्भ हो पाया है। इसके लिए विधायक का आभार जताते हुए कहा कि ठेकेदार द्वारा गुलशन चौक तक ही नाली निर्माण का कार्य किया गया है। एकता चौक तक नाली निर्माण कार्य पेडिंग है। एकता चौक तक नाली पुरानी है। इसे देखते हुए नई सीसी नाली निर्माण किया जाए। निर्माण कार्य की गति धीमी है। रोड़ में जगह जगह गड्ढे हो गए है, बरसात का सीजन भी आने वाला है। नाली का निर्माण आवश्यक है। इस पर विधायक ने लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अग्रवाल को मौके पर बुलाकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि ठेकेदार को शीघ्र निर्माण कार्य करने कहा जाए। सीसी नाली ओवरब्रिज से लेकर गुलशन चौक से बनाया जाए। इस दौरान भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सिका, माखन पटेल, हफिज कुरैशी, पप्पु ठाकुर, पीयूष साहू, राजू चन्द्राकर, धमेन्द्र महोबिया, हनीश बग्गा, गोविन्द ठाकुर, नईम खान, शरद मराठा, दिनेष रूपरेला, गौरव राठी उपस्थित थे।

# शहर के वार्डों में पहुंचकर विधायक ने आमजनों से किया भेंट-मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने रविवार को शहर के अलग-अलग वार्डों में पहुंचकर आमजन से भेंट मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनकर उचित निराकरण का आश्वासन दिया। साथ ही शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा वार्ड पार्षदों को योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्देशित भी किया।

बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अपने कार्यालय में प्रतिदिन क्षेत्र के लोगों से भेंट मुलाकात करते हैं। इसके अलावा क्षेत्र में आमजन के बीच पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में रविवार को वें वार्ड क्रमांक 09, 08, 07, 11, 06 और 05 में जनता से रूबरू होने पहुंचे। वार्ड में पहुंचने पर आमजनों ने विधायक का स्वागत एवं अभिनंदन किया। विधायक सिन्हा ने अलग-अलग समस्याओं एवं मांगों को लेकर वार्डवासियों से विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्हें निराकरण का पूरा आश्वासन दिया। आमजनों ने खुलकर अपनी बातें विधायक के समक्ष रखीं। संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति मेरा पूरा समर्पण हमेशा रहेगा।

## पेज 9 के शेष...

### ईंधन संकट के बीच...

रुपये प्रति क्विंटल के बीच बिके। किसानों का कहना है कि रबी सीजन की खेती में लागत अधिक आती है और उन्हें उम्मीद थी कि धान कम से कम 2000 रुपये प्रति क्विंटल बिकेगा। लेकिन बाजार भाव गिरने और मंडी में पर्याप्त खरीदी नहीं होने से वे आर्थिक दबाव में आकर कोचियों के हाथों फसल बेचने को मजबूर हैं।

### भतीजे ने ली...

है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रावधानों के अलावा अब आरोपियों के खिलाफ 'भारतीय न्याय संहिता' (बीएनएस) की निम्नलिखित संगीन धाराओं के तहत पुलिस में मामला दर्ज कराया जा रहा है। धारा 274बीएनएस, मानव अथवा सार्वजनिक उपयोग के जलस्त्रोत को विषाक्त कर जीवन खतरे में डालना। धारा 277 बीएनएस, विषैले पदार्थों के माध्यम से बड़े पैमाने पर जनजीवन संकट में डालना। धारा 125 बीएनएस मानव जीवन और व्यक्तिगत सुरक्षा को जानबूझकर संकट में डालना। धारा 61(2) बीएनएस संगठित वन्यजीव अपराध के लिए आपराधिक षड्यंत्र रचना। धारा 3(5) बीएनएस समान आशय और सामूहिक आपराधिक उत्तरदायित्व तय करना।

### इंदागांव के ग्रामीण...

के घोषणा के बाद इंदागांव में उप तहसील की घोशणा किया गया था लेकिन कुछ दिन ही यहां अस्थायी रूप से उप तहसील का संचालन किया गया उसके बाद अब संचालन नहीं हो रहा है जिसके कारण छोटे-छोटे राजस्व से जुड़े कार्यो के लिए ग्रामीणों को 40 किमी दूर मैनपुर आना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने नियमित रूप से उप तहसील संचालित करने की मांग किया है।

**पहाड़ी के ऊपर तालाकोट अमली तक पक्की सड़क निर्माण की मांग-** इंदागांव के ग्रामीणों ने बताया की राष्ट्रीय राजमार्ग 130 सी थाना से ओड़िशा सीमा ग्राम तालाकोट अमली दूरी 03 किमी तक जनमन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क निर्माण की मांग किया है। ग्रामीणों ने बताया की अमली में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार भुंजिया आदिवासी निवास करते है लेकिन यहां आने जाने के लिए सड़क सुविधा नही होने के कारण बारिश के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है यहां तक न तो एंबुलेंस पहुंच पाती है और न ही राशन सामाग्री सरकार को चाहिए कि ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए सड़क निर्माण किया जाये और इंदागांव उपरपारा मे नलजल योजना अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण किया गया है लेकिन लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पृथक से 63 केव्ही ट्रांसफार्मर लगाया जाये नलजल योजना अंतर्गत घर-घर घरेलु पाईप कनेक्शन जोड़ा जाए।

**ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों को बेहतर मंच दिलाना हमारी प्राथमिकता : सभापति**

# खेल से ही युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास संभव : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसन



जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलीपाली में आयोजित तृतीय वर्ष एक दिवसीय जय ठाकुरदिया कबड्डी प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों ने हिस्सा लेकर शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उत्साहवर्धन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की बात कही।

समापन कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पंचायत बसना के उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं सभापति प्रकाश सिन्हा, सरपंच प्रतिनिधि परदेसी यादव, उपसरपंच मोहनलाल डड़सेना, ग्राम के गोटिया रामलाल साहू एवं मधु भोई विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, संघर्ष, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास होता है।

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जामजुड़ा टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि, गिरीराजपुर टीम द्वितीय, गबौध टीम तृतीय एवं भोई ब्रदर्स टीम चतुर्थ स्थान पर रही। विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समिति अध्यक्ष विकास बारिक, उपाध्यक्ष जय भोई, कोषाध्यक्ष विजय साहू, सचिव नरेश बारिक सहित संरक्षक कुशल, अनिल साहू, रेशम लाल, करुणाकर डड़सेना, सुनील बारिक, राजकुमार बारिक, मिनिकेतन, डीगेश्वर भाई, विश्वास भोई, प्रकाश बारिक, सनातन साहू, शिव प्रसाद भोई, प्रवीण साहू, प्रताप साहू, सुशील डड़सेना, आर्यन, लोकेश, निर्मल भाई एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। साथ ही ग्राम के वरिष्ठजनों बृजलाल भोई, मोतीलाल, राधेश्याम भोई, गोविंद बारिक, रामलाल साहू, दशरथ साहू, ऋषिकेश, मधु भोई, मिनिकेतन, तिलकराम भोई सहित पूरे ग्रामवासियों की सहभागिता कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण रही।

### सामुदायिक भवन और रंगमंच की मांग

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने गाँव में सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए सामुदायिक भवन एवं रंगमंच निर्माण की मांग भी रखी। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में ऐसा कोई भवन नहीं है, जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक गतिविधियाँ आयोजित की जा सकें। जिस पर सभापति प्रकाश सिन्हा ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही इस मांग को लेकर स्थानीय विधायक, सांसद एवं प्रभारी मंत्री से चर्चा कर आवश्यक पहल की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भरत मटियारा को समाज के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**राजिम।** धीवर समाज का गौरव वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरत मटियारा का हैदराबाद में इलाज के दौरान



निधन हो गया। वे राजनीति एवं सामाजिक नेता के रूप में जाने व माने जाते थे। वे सहज, सरल स्वभाव के धनी मिलनसार सबका साथ और सबका विकास हो ऐसा सोच रखता था। मछुआरा समाज के लिए एक बहुत बड़ी छती है। राजिम परगना के अध्यक्ष रामूराम तारक, घुरव राम, तुकाराम तारक, झाड़ु राम तारक, दुर्गाप्रसाद तारक, मीडिया प्रभारी राजेश धीवर, उपाध्यक्ष विश्राम, शत्रुघ्न, धीवर, मेवालाल तारक, चेमन तारक, इशु तारक, वाल्मीकि धीवर, पंच कपिल धीवर, सत्तु ,बहुरा, महेंद्र, राजकुमार, लखनु धीवर सहित समाज के लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

### अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। राज्य में बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पिछले दिनों उन्होंने मंत्रालय में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली थी। उन्होंने सभी प्रभागों एवं शाखाओं की बारी-बारी से गहन समीक्षा की। इस दौरान अस्पतालों के बुनियादी ढांचे, दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की मॉनिटरिंग व्यवस्था तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति का विस्तार से आकलन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया।

### कम होगी बादलों की गतिविधि, तापमान बढ़ने की गुजाइंश

**रायपुर।** राजधानी में शनिवार को तूफानी करवट लेने के बाद बादलों की गतिविधि कम हो गई। मौसम बदलने की वजह से सामान्य से कम हो चुका तापमान अब बढ़ने के आसार हैं। कल के मौसम में हुआ बदलाव राजधानी सीमित रहा और यहां सर्वाधिक बारिश रिकार्ड की गई है। रविवार को प्रदेश का सर्वाधिक तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रायपुर का अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री रहा। मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश का प्रभाव कुछ अन्य इलाकों में हुआ।

**शिविर : भेंड्री में योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सामग्रियों और प्रमाण पत्रों का वितरण**

# योजनाएं दफ्तरों की फाइलों से निकलकर सीधे जनता के दरवाजे तक पहुंच रही हैं : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम तहसील के ग्राम भेंड्री में सोमवार को शासकीय योजनाओं को आम जनता तक सीधे पहुँचाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार शिविर का भव्य आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू शामिल हुए। शिविर में कलस्टर के सभी 15 पंचायतों के नागरिक और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमकर सराहना की और जनता से बढ़-चढ़कर लाभ उठाने का आह्वान किया। शिविर के दौरान विधायक रोहित साहू ने एक बड़ा और संवेदनशील फैसला लेते हुए भेंड्री में संचालित शासकीय उचित मूल्य (राशन) की दुकान का संचालन अब तक रायपुर जिले के एक बाहरी समूह द्वारा किया जा रहा था, जिससे स्थानीय स्तर पर असंतोष था। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने मंच से ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि राशन दुकान का संचालन तत्काल प्रभाव से स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह को सौंपा जाए। जब हमारी स्थानीय बहनें राशन दुकान संभालेंगी, तो पारदर्शिता भी आएगी और हमारी गाँव की महिलाओं को रोजगार भी मिलेगा। महिला सशक्तिकरण ऐसे फैसलों से ही जमीन पर दिखेगा।





**विभागीय स्टालों का भ्रमण और सामग्री वितरण**

कार्यक्रम की शुरूआत में विधायक रोहित साहू ने शिविर में लगाए गए विभिन्न शासकीय विभागों के स्टालों का विस्तृत भ्रमण किया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके पश्चात विधायक के हाथों विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को आवश्यक सामग्रियों और प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। राहत सामग्री पाकर हितग्राहियों ने प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान प्रमुख रूप से कलेक्टर बीएस उइके, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा तथा सभी विभागो के अफसरो सहित जिला पंचायत सभापति शिवांगी , जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, मण्डल अध्यक्ष गोपी ध्रुव, राजू साहू, जनपद सदस्य नीता साहू, गोदावरी साहू, हीरामणी साहू, सरपंच तुलेश्वरी साहू, लोमश साहू, देवेन्द्र वर्मा, षट्कोण साहू, ममता साहू, धनीराम साहू, बेनीशंकर साहू, हेमंत वर्मा, मकसुदन साहू,थानेश्वर साहू, महेश साहू, नीलेश टण्डन, जागेश्वर साहू, पोषण साहू, भूषण साहू मनीष साहू, धनंजय साहू,अमरिका निषाद बिसन साहू, पन्ना साहू, पीतम साहू, यथार्थ शर्मा, तुकेश साहू, आनंद साहू दशरथ यादव, विक्रम साहू, भगवानदास जांगड़े आदि सहित कलस्टर में शामिल सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और अधिकारी -कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

विधायक के इस फैसले का ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। कहा कि हमारी सरकार का केवल एक ही संकल्प है 'सुशासन। और सुशासन का असली मतलब तब सिद्ध होता है जब शासन की योजनाएं दफ्तरों की फाइलों से निकलकर सीधे आपके घर के दरवाजे तक पहुंचे। आज का यह शिविर इसी बात का प्रमाण है कि आपको अपने काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, बल्कि पूरा प्रशासनिक अमला खुद चलकर आपके गांव आया है। मैंने अभी सभी विभागीय स्टालों का भ्रमण किया। हमारी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अंबार लगा हुआ है। चाहे किसानों के हित की बात हो, महिलाओं के स्वावलंबन की बात हो, या युवाओं की, हर वर्ग के लिए योजनाएं संचालित हैं। लेकिन इन योजनाओं की सफलता तब तक अधूरी है जब तक आप सब जागरूक होकर इसका अधिक से अधिक लाभ नहीं उठाएंगे। मैं आप सभी से करबद्ध अपील करता हूँ कि आगे आएं, योजनाओं को समझें और अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

**कई विभागों के जिला अधिकारी रहे नदारद**

शिविर में क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही लेकिन कई विभागों के जिला अधिकारी की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। आमजन उन विभागों के जिला अधिकारियों को ढूंढते रहे। इसमें प्रमुख रूप से पशुपालन विभाग के जिला अधिकारी सहित कई विभाग शामिल हैं जो शिविर में नजर नहीं आए।

# परतेवा में सीसी रोड, भूमिगत नाली निर्मला घाट निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा



क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को गति देने के संकल्प के साथ ग्राम पंचायत परतेवा में भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू के मुख्य आतिथ्य में ग्राम पंचायत परतेवा में कुल 12 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों की आधारशिला रखी गई। इनमें से अधिकांश कार्य अध्यक्ष निधि के अंतर्गत स्वीकृत किए गए हैं जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करते हुए गांव के बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करते हुए 5 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा जल निकासी की समस्या से निजात दिलाने और गांव में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से 4 लाख रुपए की लागत से भूमिगत नाली बनाई जाएगी। साथ ही तालाब में 3 लाख रुपए की लागत से निर्मला घाट का निर्माण किया जाएगा। जिसका भूमिपूजन पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। भूमिपूजन के अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास ही हमारी पहली प्राथमिकता है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व और राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू के मार्गदर्शन में क्षेत्र में लगातार विकास कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं। इन स्वीकृत विकास कार्यों से परतेवा के नागरिकों को कीचड़ और जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

**धन की कमी आड़े नहीं आएगी**

हमारी कोशिश है कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। भविष्य में भी परतेवा के विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच षटकोण साहू, उपसरपंच भीनेद्रा साहू, पंचगण रूपदास वैष्णव, हेमपुष्पा साहू, शतरूपा वर्मा, निशि साहू, राधेश्याम साहू, चेतन तारक, पीलू वर्मा, गिरधर साहू एवं कामता साहू। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कार्तिक राम साहू, झब्बू राम साहू, रतनलाल साहू, अवध राम साहू, जागेश कुमार साहू, गुमान साहू, तारा साहू तथा गांव के अनेक वरिष्ठजन इस कार्यक्रम में शामिल रहे। सरपंच व ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि इंद्राणी नेहरू साहू सहित सभी आगंतुकों का स्वागत व आभार प्रदर्शन किया। इन विकास कार्यों की स्वीकृति से परतेवा में हर्ष का माहौल है।

# जनदर्शन में उमड़े पांडुका के ग्रामीण विकास कार्यों के लिए सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम विधायक रोहित साहू के निवास में हर सोमवार को लगने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में पांडुका के स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में पहुंचे। क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं और विकास कार्यों की मांगों को लेकर पहुंचे ग्रामीणों ने विधायक रोहित साहू का बुके भेंटकर फूल-माला पहनाकर विधायक का अभिनंदन करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने विशेष रूप से गांव में साहू समाज भवन भूमिपूजन, गायत्री मंदिर के जीर्णोद्धार, नवीन हाई स्कूल भवन भूमिपूजन, सीसी रोड लोकार्पण, हाई मास्क लाईट लोकार्पण सहित बुनियादी सुविधाओं की मांग विधायक के समक्ष प्रमुखता से रखी। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राकेश साहू, सरपंच भानु ध्रुव, सुरेश शर्मा, नागेंद्र साहू, बिसन साहू ने बताया कि लंबे समय से इन कार्यों की आवश्यकता महसूस की जा रही है, लिहाजा पूरे बस्ती के प्रमुख लोग विधायक रोहित साहू से मुलाकात करने राजिम पहुंचे। ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए विधायक रोहित साहू ने सभी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं तथा जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक ने संबंधित मांगों को प्राथमिकता से पूरा कराने का आश्वासन देते हुए आगामी नौ जून का समय दिया, ताकि संबंधित विभागीय प्रक्रिया और आवश्यक कार्यवाही आगे बढ़ाई जा सके। जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। विधायक से सीधे मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखने और सकारात्मक आश्वासन मिलने से ग्रामीण काफी खुश नजर आए। कहा कि विधायक रोहित साहू लगातार जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं, जिससे लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। इस अवसर पर हरीश तारक, दीनदयाल साहू, श्यामलाल तारक, पुनित साहू,उपसरपंच खिलेश्वर द्विवेदी, कमलेश द्विवेदी, गौतम शर्मा, नूतन साहू, हर्ष देवांगन, लता तारक, आशा साहू, हेमंत साहू, जितेंद्र साहू, रूपेंद्र तारक, राजकुमार सिन्हा, लोकेंद्र द्विवेदी,गोवर्धन साहू, कृष्ण कुमार साहू, भूषण व्यास,संतोष व्यास,पोखराज तारक, बलीराम साहू, केशव साहू, गांधी साहू सहित सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। विधायक निवास का माहोल इस दौरान सकारात्मक दिखा।

**केंद्रीय निदेशक कमल किशोर ने की खुलकर सराहना**

# कौन्दकेरा विज्ञान क्लब के जल संरक्षण प्रयासों की दिल्ली में गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा में संचालित विज्ञान क्लब के व्याख्याता मीनाक्षी शर्मा और सतीश मालवीय जल के द्वारा जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को आज बड़ा संबल मिला, जब भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अपर सचिव एवं जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय मिशन निदेशक कमल किशोर सोन ने विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे प्रयासों की खुलकर सराहना की। गरियाबंद जिले के ग्राम बेलटुकरी में आयोजित विशेष 'जल अर्पण' कार्यक्रम में केंद्रीय निदेशक जल जीवन मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ बी एस उईके कलेक्टर जिला गरियाबंद, प्रखर चंद्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद, विशाल महाराणा एस डी एम राजिम, सहित जिला प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी जल संसाधन विभाग के मौजूद रहे।

**जल जीवन अभियान को मिला केंद्रीय प्रोत्साहन-** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने क्षेत्र में जल संरक्षण के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'जल जीवन अभियान' की प्रगति और उसके सकारात्मक प्रभावों की समीक्षा की। स्थानीय स्तर पर जल सहेजने और उसे जन-आंदोलन बनाने के इस अनूठे प्रयास को केंद्रीय निदेशक सोआन ने न केवल सराहा, बल्कि इसे अन्य क्षेत्रों के लिए भी



प्रेरणादायी बताया। इस गरिमामयी प्रोत्साहन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभियान से विद्यालय के प्राचार्य एम आर रात्रे ने कहा की जल जीवन अभियान को मिले इस राष्ट्रीय प्रोत्साहन और सराहना से हम अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व और जिला प्रशासन से मिली इस थपथपाहट ने जल संरक्षण के प्रति हमारे संकल्प को और अधिक मजबूत कर दिया है।

**अधिकारियों की मौजूदगी रही खास-** 'जल अर्पण' के इस विशेष आयोजन में जिला प्रशासन की सक्रिय सहभागिता रही। दौरान कलेक्टर श्री बी.एस. उईके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अतिरिक्त मिशन संचालक ओंकेश चंद्रवंशी, विशाल महाराणा एस डीएम राजिम अधीक्षण अभियंता समीर गौड़ सहित अन्य विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति ने यह साफ कर दिया कि शासन-प्रशासन धरातल पर पानी की हर बूंद को बचाने के लिए पूरी तरह गंभीर है। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों और अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भविष्य में जल संवर्धन के कार्यों में और तेजी लाने का संकल्प लिया। यह सफलता आगामी दिनों में जिले में जल संकट से निपटने और भूजल स्तर को सुधारने में एक मील का पत्थर साबित होगी।

# सौरभ को मिली पीएचडी की उपाधि



**गरियाबंद।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में शोधार्थी सौरभ कुमार देवांगन को कृषि अभियांत्रिकी में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें यह उपाधि महामहिम राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा प्रदान की गई। डॉ. सौरभ कुमार देवांगन अपने जिले के पहले युवक हैं जिन्होंने कृषि अभियांत्रिकी विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल की है। साथ ही वे प्रदेश के देवांगन समाज के पहले व्यक्ति हैं जिनके पास कृषि अभियांत्रिकी की डिग्री है। डॉ. सौरभ ने वर्ष 2022 में पीएचडी में प्रवेश लिया था। उनके शोध का विषय "उच्च क्षमता वाली मूंगफली थ्रेशर का विकास" रहा। उन्होंने बताया कि यह मशीन किसानों की आय बढ़ाने में सहायक होगी। इस थ्रेशर से मूंगफली की गहाई में समय और श्रम की बचत होगी, जिससे उत्पादन लागत कम होगी।

न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

ग्राम-तोरला प.ह.नं. 06

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदिका ढेलाबाई बाई पति बोदकू निवासी ग्राम तोरला तहसील गोबरा नवापारा द्वारा ग्राम तोरला प.ह.न. 06 रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नं. 310, 586 रकबा क्रमशः 0.030, 0.390 हे. राजस्व अभिलेख में अनावेदकगण दुरपति बेवा बृजलाल वगै के नाम पर दर्ज है। बंदोबस्त सर्वेक्षण के पूर्व उक्त भूमि का पुराना खसरा नं. 945, 254/1 था। आवेदिका द्वारा भूमि पुराना खसरा नं. 945 का भाग रकबा 0.101 हे. एवं खसरा नं. 254/1 रकबा 0.344 हे. को पंजीकृत -बैनामा दिनांक 04/05/1983 के द्वारा क्रय कर स्वामित्व एवं अधिपत्य प्राप्त किया है। परन्तु कानून अज्ञानता के कारण नामातंरण नही करवा पाया था। आवेदिका द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामातंरण किए जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया है। तत्संबंध मे प्रकरण इस न्यायालय मे विचाराधिन है।

अतः उक्त नामातंरण आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 25/05/2026 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 18/05/2026 को जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गोबरा (नवापारा)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > लिगामेंट के दर्द
> गोल्फ एल्बो > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### प्रकाश रोहरा बने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक

**गरियाबंद।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नोकेश्वर साहू द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। कार्यकारिणी में गरियाबंद निवासी वरिष्ठ व्यापारी प्रकाश चंद रोहरा को जिला सह संयोजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, व्यापार प्रकोष्ठ के



प्रदेश संयोजक सुभाष अग्रवाल, जिला संगठन प्रभारी अमित चिमनानी तथा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की सहमति से की गई। नव नियुक्त जिला सह संयोजक प्रकाश रोहरा ने भाजपा प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक व्यापारियों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाते हुए व्यापारी वर्ग के हित में निरंतर कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, महामंत्री आशीष शर्मा, अजय रोहरा, सुरेंद्र सोनटेके, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, आईटी सेल संभाग प्रभारी सागर मयाणी, गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, बलदेव सिंह हुंदल, विष्णु मरकाम, उमेश सिंह, नंदरेश गुप्ता, विनय दासवानी, नितेश ठक्कर, अजय दासवानी, रिजवान मेमन, पुष्पक देवांगन, खेम सिंह बघेल, प्रतीक सिंह, प्रतीक तिवारी, नितेश ठक्कर, राकेश देवांगन, सहित अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी।

### कर्राभौना के समाजसेवी मोहन ने किया 13वीं बार रक्तदान

**भंवरपुर।** क्षेत्र के ग्राम कर्राभौना निवासी मोहन चौहान ने मानवता की सेवा की प्रतिबध्दता दोहराते हुए ब्लड बैंक पहुंचकर 13वीं बार रक्तदान किया। चौहान ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा दिया गया रक्त यदि किसी की जीवन दे सके यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होनें संदेश दिया है कि रक्तदान से डरना नही चाहिए, यह पूरी तरह सुरक्षित है और इससे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता।

### अंधड़ और तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित

**पटेवा।** क्षेत्र में शनिवार शाम अचानक आए तेज अंधड़ और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली, वहीं दूसरी ओर तेज हवाओं और बारिश ने कई परिवारों को नुकसान भी पहुंचाया। तेज अंधड़ के कारण कई जगह पेड़ गिर गए तथा घरों के टिन शेड और छप्पर उड़ गए।सबसे ज्यादा नुकसान समीपस्थ ग्राम मासूल में देखने को मिला, जहां मनहरण पटेल के घर का छप्पर पूरी तरह उड़ गया। तेज बारिश के चलते घर में रखा राशन और अन्य घरेलू सामान भी पानी में भीग गया, जिससे परिवार के सामने रहने और दैनिक जरूरतों की समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है।

**प्रदर्शन : पेट्रोल-डीजल की किल्लत और बढ़ती महंगाई पर ब्लॉक कांग्रेस ने खोला मोर्चा**

# कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शनः ट्रैक्टर को रस्सी से खींचा, बाइक को धक्का मारकर निकाली रैली





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और आवश्यक वस्तुओं के दामों में वृद्धि को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा सोमवार दोपहर मैनपुर में अनोखा प्रदर्शन किया गया। बस स्टैंड से ट्रैक्टर को रस्सी में खींचते हुए एक किलोमीटर दूर पेट्रोल पंप तक ले गए और केंद्र के भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया गया वहीं पूरे नगर में मोटरसाइकिल को धक्का मारते हुए रैली निकाली गई कांग्रेस का यह अनोखा प्रदर्शन लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित किया इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की देश के प्रधानमंत्री 100 दिनों के भीतर मंहगाई कम करने का वायदा किया था लेकिन आज 12 साल बाद भी मंहगाई तो दूर देश की जनता को त्रस्त कर दिया। पेट्रोल -डीजल नहीं मिल पा रहा है। मध्यम व गरीब वर्गीय लोगों का जीना दुभर हो गया है। आवश्यक वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं पूरे देश की जनता बेहाल हो गई है।

**महंगाई के चलते जीना दुभर-** महामंत्री गेंदु यादव ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर प्रहार करते हुए कहा की केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण पेट्रोल डीजल के दाम में वृद्धि हो गई है। क्षेत्र में पेट्रोल डीजल मिल नहीं पा रहे हैं किसान और आम जनता परेशान हो गए है।

अमलीपदर ब्लॉक अध्यक्ष ललिता यादव ने कहा की आज महंगाई के चलते जीना दुभर हो गया है इससे देश के भाजपा सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। प्रदेश और क्षेत्र में विकास कार्य अवरूद्ध है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दू यादव, नेहाल नेताम, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पारेश्वर नेगी, जनपद सदस्य सुखचंद ध्रुव, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमलीपदर ललिता यादव, उपाध्यक्ष डिगेश्वरी सांडे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन, तनवीर राजपूत, खेलन साहू, सावंत शर्मा, डोमार साहू,लिकेश यादव, नवीन सोम, घनश्याम यादव, लोकेश सांडे, तिलक मरकाम, लिलेश्वर साहू,लिकेश चक्रधारी, रूपेश मसीह, नन्हे यादव, धर्मराज कपिल, भिलेश्वर ध्रुर्वा, रेवन दिवान गोविंद नेताम, लोकेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

**महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, दूसरे दिन भी सड़क पर उतरे कांग्रेसी**





**गरियाबंद।** बढ़ती महंगाई के खिलाफ गरियाबंद में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल और खाद्य तेलों की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और महंगाई पर नियंत्रण की मांग उठाई। कांग्रेसियों ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत बढ़ी है, जिसका सीधा असर रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं पर पड़ रहा है। खाद्य तेलों समेत अन्य जरूरी सामानों के दाम बढ़ने से आम परिवारों का घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता शहर के विभिन्न किराना दुकानों तक पहुंचे और व्यापारियों से चर्चा कर बाजार की मौजूदा स्थिति की जानकारी ली। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि व्यापारियों के अनुसार माल ढुलाई महंगी होने से वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका बोझ आखिरकार आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। सरकार की नीतियों का खामियाजा आम जनता भुगत रही है, जबकि लोगों की आय नहीं बढ़ रही और खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द महंगाई पर अंकुश लगाने के ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो पार्टी जनहित में आंदोलन को और तेज करेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए आम जनता को इस मुद्दे पर जागरूक करने का भी प्रयास किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल पांडेय, प्रेम सोनवानी, अमित मिरी, पार्षद संदीप सरकार, रमेश मेश्राम, डीलेश्वर देवांगन, ऐश्वर्य यदु, ममता फुलझले, प्रतिमा पटेल, महेंद्र राजपूत सहित बड़े संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात,भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम बोड़की में स्वर्गीय भारत लाल साहू की स्मृति में आयोजित श्रीमद् शिव भागवत महापुराण कथा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के आठवें दिवस कसेरुडीह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल साहू एवं मुरमुरा निवासी अनिल साहू कथा स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने व्यास पीठ पर लोहरसी निवासी प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित पुष्कर प्रसाद तिवारी का फूल-माला एवं माता झरझारा की छायाचित्र भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने जोरदार तालियों से अतिथियों का अभिनंदन किया। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कथा पंडाल में बैठकर भगवान भोलेनाथ की महिमा का श्रवण किया तथा कथा को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कथा वाचक पंडित पुष्कर प्रसाद तिवारी ने जालंधर कथा का विस्तृत एवं भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और सदाचार का संदेश दिया। संध्याकालीन बेला में ग्राम बोड़की की गलियों में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला-पुरुष एवं युवा श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तजन भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ पूरे उत्साह और भक्तिभाव में झूमते नजर आए। कथा आयोजन के दौरान प्रसिद्ध शिरकत आश्रम के प्रमुख महामंडलेश्वर गोवर्धन शरण व्यास की विशेष उपस्थिति भी रही। उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान शिव की भक्ति, कथा एवं भजनों के माध्यम से आध्यात्मिक संदेश प्रदान किया। आयोजन स्थल पर पूरे समय भक्तिमय वातावरण बना।

### तपबल से ब्रह्मा, विष्णु और महेश बने बालक : पं. पुष्कर

**कोपरा/छुईहा बेलर।** ग्राम बोड़की में पिता भारत साहू की पावन स्मृति में पुत्र थनेश्वर साहू द्वारा 11 से 18 मई तक शिव महापुराण सप्ताह कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में व्यास पीठ पर प्रसिद्ध कथावाचक पं. पुष्कर तिवारी महाराज विराजमान हैं, जबकि पारायण कर्ता आशुतोष तिवारी हैं। रविवार को कथा के दौरान पं. पुष्कर महाराज ने अनुसुइया चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे सती अनुसुइया ने अपने तपबल से ब्रह्मा, विष्णु, महेश को बालक रूप में परिवर्तित कर मातृभाव से भोजन कराया। तीनों देवों ने प्रसन्न होकर वरदान दिया कि वे उनके पुत्र रूप में अवतरित होंगे, जिससे चंद्रमा, दत्तात्रेय और दुर्वासा ऋषि का जन्म हुआ। कथा श्रवण के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। आयोजन में जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, सरपंच नेतराम सिन्हा, पूर्व सरपंच रामजी साहू, धामबाई साहू, धनेश्वर साहू, पत्रकार उरेंद्र साहू, चमेली साहू, साहिल कुमार साहू, तनुजा साहू, खिलावन,



कौशिल्याबाई ,कुंजन राम, होरीलाल हेरडा राम छबीराम साहू भोजराम रेवाती, सरपंच नेतराम सिन्हा, पुर्व सरपंच रामजी साहू, समाजिक कार्यकर्ता रोशन साहू इत्यादि उपस्थित थे। यह आयोजन पिता के प्रति पुत्र की श्रद्धांजलि के साथ-साथ धार्मिक चेतना जागृत करने और सामाजिक एकता का सशक्त माध्यम बना।

# करोड़ों रुपए खर्च फिर भी ग्रामीण प्यासे, शो-पीस बनीं पानी टंकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत मेडकीडबरी के आश्रित ग्राम सुरगपानी में सालों पहले लाखों की लागत से निर्मित पानी टंकी आज तक ग्रामीणों के लिए उपयोगी साबित नहीं हो सकी है। जल जीवन मिशन के तहत गांव गांव तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का सपना दिखाया गया था, लेकिन हकीकत में यह सपना आज भी अधूरा है। टंकी का निर्माण होने के बावजूद गांव के घरों तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई, जिससे ग्रामीणों को हर साल गर्मी में फिर भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पानी टंकी को चालू करने के लिए सरपंच रवि मरकाम द्वारा कलेक्टर को लिखित आवेदन दिया गया है। इस तरह ग्राम पंचायत मुढीपानी के आश्रित ग्राम जिड़ार और कंनफाड में पानी टंकी से ग्रामीणों को लाभनहीं मिल रहा है। आज तक कोई बाहर से अधिकारी या कर्मचारी नल जल योजना का सुध लेने नहीं आएं हैं। ग्रामीण निजी हैंडपंप और अन्य संसाधनों पर निर्भर बने हुए हैं। साल भर पहले पाइपलाइन बिछाकर घर घर कनेक्शन दे दिए गए, घरों के सामने सिर्फ शो पीस के लिए नल लगा दी गई है। मालूम हो कि ग्राम पंचायत दादरगाव नया के आश्रित ग्राम फूलबाहरा में आज तक पानी टंकी का निर्माण नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत टेगनाबासा के आश्रितग्राम रावनाभाटा में नल जल योजना 4 वर्ष के पश्चात पूर्ण नहीं हुआ है, उपसरपंच रेखचद साहू ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने के लिए गली गली का सड़क खोदा गया था। जिसका ठेकेदार द्वारा आज तक मरम्मत भी नहीं कराई गई। कुछ लोग अपने अपने घर के सामने खुदे गढ़े को खुद के पैसे से मरम्मत किया गया। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा गिरते जल स्तर पर समस्या का समाधान करने आदेश जारी किया जा रहा, किन्तु ग्रामीण जन की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। टंकियों के पास बोर खनन किया गया परंतु जलस्तर निचा होने की वजह से सक्सेस नहीं हो पाया है।



**सिर्फ दिखावा बनकर रह गई योजना**

सरपंच रवि मरकाम, उपसरपंच धनसाय ध्रुव, खेमसिंह मरकाम, भाग्यवती मरकाम, देवीबाई नेताम, गौरी बाई नेताम, सुमित्रा सोरी, चैती सोरी, भागसिह ध्रुव, मीरा जयसवाल, जगत राम मरकाम, आरती यादव, आशा राम नेताम सहित लोगों ने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य ही विफल हो रहा है। इन लोगों का कहना है कि टंकी बनाने के बाद भी यदि पानी उपलब्ध न हो, तो यह केवल एक दिखावा बनकर रह जाती है।

**खेल नगरी की संस्कृति को मिल रही नई मजबूती, टीम भावना भी सीख रहे**

# समर कैंप में खेल के साथ निखर रहा बच्चों का व्यक्तित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के व्यायामशाला परिसर में 1 मई से प्रारंभ हुए समर कैंप में इन दिनों बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। भीषण गर्मी के बीच भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में नन्हे एवं युवा खिलाड़ी सुबह और शाम नियमित रूप से पहुंचकर खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस समर कैंप का उद्देश्य केवल खिलाड़ियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाना ही नहीं, बल्कि उनमें मानसिक, नैतिक एवं राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करना भी है। प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से शिविर की शुरुआत होती है, जहां खिलाड़ियों को व्यायाम के साथ-साथ बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स एवं योग का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का भी पाठ पढ़ाया जा रहा है। योग और व्यायाम के माध्यम से बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**वनांचल की प्रतिभाओं को मिलेगा राष्ट्रीय मंच-** संध्या 5 बजे पुनः खिलाड़ियों का जमावड़ा व्यायामशाला परिसर में लग जाता है। शाम के सत्र में भी खिलाड़ियों को बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग, एथलेटिक्स और अन्य शारीरिक गतिविधियों का अभ्यास कराया जाता है। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का यह प्रयास सराहनीय माना जा रहा है। शिविर में यह संदेश दिया जा रहा है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो तो कम संसाधनों में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। इस समर कैंप की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि समाजसेवी एवं कोच शीतल ध्रुव अपने सहयोगियों के साथ प्रतिदिन निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे खिलाड़ियों को खेल तकनीक के साथ-साथ जीवन में अनुशासन और संघर्ष का महत्व भी समझा रहे हैं। उनके इस समर्पण और सेवा भावना की नगरवासी भी सराहना कर रहे हैं। गौरतलब है कि छुरा नगर लंबे समय से खेल नगरी के रूप में अपनी विशेष पहचान रखता है। यहां के कई खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। वनांचल क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ाने का यह प्रयास भविष्य में क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धियों का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों और युवाओं में खेल के प्रति बढ़ती रुचि से नगर में खेल संस्कृति को नई मजबूती मिल रही है।

**महापुरुषों की जीवनी और पर्यावरण संरक्षण की दी जा रही सीख**

खेल प्रशिक्षण के पश्चात खिलाड़ियों को नैतिक शिक्षा का व्याख्यान दिया जाता है। इस दौरान महापुरुषों के जीवन, उनके संघर्ष और देश के प्रति समर्पण की जानकारी दी जाती है। बच्चों एवं युवाओं में राष्ट्रप्रेम और समाजसेवा की भावना विकसित करने के उद्देश्य से राष्ट्ररक्षा एवं देशभक्ति से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की जा रही है। शिविर में यह संदेश दिया जा रहा है कि खेल केवल शरीर को मजबूत नहीं बनाता, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समर कैंप में वर्तमान समय की वैश्विक चुनौतियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। डीजल-पेट्रोल की बढ़ती समस्या, ऊर्जा संकट एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति खिलाड़ियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से नगर में साइकिल रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत का संदेश दिया गया। खिलाड़ियों ने "साइकिल अपनाओ-पर्यावरण बचाओ" जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।



